



# विधानसभा में गूंजा सीधी में अवैध प्लाटिंग के काले कारोबार का मामला

## सीधी विधायक ने विधानसभा में नपा सीधी अंतर्गत रेरा नियमों के विपरीत हो रही अवैध प्लाटिंग के उठाये सवाल पर विभागीय मंत्री ने कार्यवाही का दिया आश्वासन

नवभारत न्यूज

**सीधी 28 फरवरी। सीधी में अवैध प्लाटिंग का मामला विधानसभा में गूंजा। सीधी विधायक द्वारा विधानसभा में नपा सीधी अंतर्गत रेरा नियमों के विपरीत हो रही अवैध प्लाटिंग के उठाये गये सवाल पर विभागीय मंत्री ने कार्यवाही का आश्वासन दिया।**

विधानसभा क्षेत्र सीधी की विधायक रीती पाठक ने विधानसभा में रेरा नियमों के विपरीत हो रही अवैध प्लाटिंग का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस मनमानी के चलते शहर में अवैध कालोनी तेजी से विकसित हो रही है। ऐसी कालोनियों में अपनी जमा पूंजी लगाने वालों को न तो मापदंड के अनुसार न चौड़ी व्यवस्थित सड़कें मिलती और न ही गंदे जल निकासी के लिए नाली और विद्युत सुविधा नजदीक में मिलती। आने वाले समय में अवैध प्लाटिंग के चलते बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। विभागीय मंत्री ने उक्त मुद्दे पर कार्यवाही का आश्वासन दिया।







बताते चलें कि अवैध कालोनियों पर विगत वर्ष प्रदेश के नगरीय एवं विकास आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा 23 जुलाई 2024 को समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया गया था कि प्रदेश में अवैध कालोनियों पर तत्काल रोक लगे और दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाय। विडम्बना यह है कि सीधी में उक्त आदेश पर धरातल में कोई कार्रवाई आज तक नहीं की गई। लिहाजा अवैध कालोनियों की बसाहट का काम काफी तेजी के साथ चल रहा है।

उक्त शिकायतों के तारतम्य में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के अपर आयुक्त द्वारा पत्र क्रमांक 14426, दिनांक 23.08.2023 को कलेक्टर सीधी को निर्देशित किया गया था कि नगर पालिका परिषद सीधी एवं समीपी ग्रामों में भूमाफियाओं द्वारा बिना डायवर्सन कराकर विधि विरूद्ध तरीके से भूमियों की की जा रही प्लाटिंग पर रोक लगाया जाकर भूमियों के विक्रय को प्रतिबंधित करते हुये सभी सुविधाओं पर वैधानिक कार्रवाई की जाय। फिर भी प्लाटिंग स्थलों पर व्यवस्थित सड़क, नाली, पानी, नजदीक में बिजली सुविधा नजर नही आती।

### विधानसभा में शापिंग कॉम्पलेक्स निर्माण में देरी का मामला उठा

सीधी विधायक रीती पाठक द्वारा शहर के पुराने सोनांचल बस स्टैण्ड में शापिंग काम्पलेक्स निर्माण में देरी का मुद्दा विधानसभा में उठाया गया। मामला उठाये जाने के बाद नगर पालिका सीधी की तत्कालीन सीएमओ मिनी अग्रवाल, इंजी. बीके तिवारी, इंजी. हरिशंकर मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी कर आर्कीटेक्ट को ब्लैकलिस्टेड किया गया। साथ ही प्रदेश सरकार ने अब शॉपिंग काम्प्लेक्स निर्माण का बजट 7 करोड़ से बढ़ाकर 12 करोड़ कर दिया गया है।

### सीधी विधायक ने शहर में सीवरेज लाइन की रखी मांग

सीधी विधायक रीती पाठक ने विधानसभा में सीवरेज लाइन की मांग रखते हुए कहा कि इससे गंदे जल, मल की निकासी में मदद मिलेगी और शहर की बड़ी समस्या दूर होगी। उन्होंने सीधी शहर में सीवरेज लाइन डलवाने आदि के संदर्भ में विधानसभा में जोरदार मांग रखी। जिस पर कार्रवाई का आश्वासन विभागीय मंत्री द्वारा दिया गया।

### नवभारत ने प्रमुखता से उठाया था अवैध प्लाटिंग का मामला



आखिर अवैध कॉलोनियों के कारोबार में लगे लोगों पर कब होगी कार्रवाई...

रेरा के नियम विरुद्ध शहर से लेकर गांव तक फैली बिना लाइसेंस के विकसित हो रही अवैध कालोनियां, शिकायत के बाद भी ठोस कार्रवाई के अभाव में नही थम रहा काला कारोबार

यहां विकसित हो रहीं अवैध कॉलोनियां

इनका कहना है

नवभारत ने जिला मुख्यालय के समीप ग्रामीण क्षेत्रों में रेरा के नियमों की अनदेखी खुलेआम करते हुये प्लाटिंग कर भूखंड बेंचने का काला कारोबार निर्वाध रूप से जारी है का मामला प्रमुखता से उठाया था। जानकारी में सामने आया था कि इस कार्य में संबंधित हल्का पटवारियों की पूरी सहभागिता है। लम्बे समय से इसी वजह से हल्का पटवारी यहां जमे हुये हैं और उन पर स्थानांतरण के नियम भी बेअसर हैं। सीधी में विकसित हो रही अवैध कालोनियों के खिलाफ लम्बे समय से शिकायतें की जा रही हैं।

# सांसद के सौजन्य से लोकसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी अयोध्या धाम के लिए रवाना

नवभारत न्यूज

**सीधी 28 फरवरी। सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के सौजन्य, मार्गदर्शन एवं विशेष पहल पर लोकसभा क्षेत्र के समस्त मंडल अध्यक्षों एवं संगठन के पदाधिकारियों का एक विशाल प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को प्रात: 9 बजे सीधी से पवित्र गंगा स्नान एवं अयोध्या धाम में श्री रामलला जी के दर्शन-पूजन हेतु श्रद्धापूर्वक रवाना हुआ।**



प्रस्थान के समय वातावरण पूर्णत: भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण रहा। सभी पदाधिकारियों ने यात्रा के पूर्व विधिवत पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति, उन्नति एवं समग्र विकास की कामना की। उपस्थित जनसमूह ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए मंगलमय यात्रा की कामना की।

यह आध्यात्मिक यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं बल्कि संगठनात्मक एकता, समर्पण एवं राष्ट्रहित के प्रति दृढ़ संकल्प को भी प्रदर्शित करती है। अयोध्या धाम में श्री रामलला जी के दर्शन के साथ-साथ प्रतिनिधिमंडल द्वारा देश एवं प्रदेश की उन्नति तथा जनकल्याण हेतु विशेष प्रार्थना भी की जाएगी। यात्रा के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की गई हैं जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर विशेष रूप से चुरहट क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। जिनमें खड्डी मंडल अध्यक्ष यश सिंह, हनुमानगढ़ मंडल अध्यक्ष बुद्धिसेन साहू, पटपरा मंडल अध्यक्ष विनोद पटेल, चुरहट मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंह ओपी, पड़खुरी मंडल अध्यक्ष रजनीश शुक्ला, रामपुर मंडल अध्यक्ष विजय शंकर, चोरगढ़ी मंडल अध्यक्ष नीरज मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों में इस धार्मिक यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया तथा इसे आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सांस्कृतिक जागरूकता का महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है।

# स्व .इंद्रजीत कुमार की जयंती पर दो दिवसीय भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 28 फरवरी। मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री स्वर्गीय इंद्रजीत कुमार की 83वीं जन्म जयंती के अवसर पर श्री अवध सद्भावना समिति द्वारा ग्राम पंचायत चितवरिया तहसील सिहावल में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।**

आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। श्री अवध सदभावना समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 4 मार्च को क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा लोकगीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां एवं बिरहा कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिससे लोक संस्कृति की छटा बिखरेगी। वहीं 5 मार्च को चितवरिया में विराट कवि सम्मेलन एवं कनपुरा लोक कला महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव में अखिल भारतीय स्तर के कवि एवं कवियित्रियों के साथ

> चितवरिया में 4 एवं 5 को कनपुरा लोक महोत्सव व विराट कवि सम्मेलन

जिले के स्थानीय कविगण भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

आयोजन समिति के सचिव राजकुमार पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विलुप्त होती लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ लोक साहित्य एवं पारंपरिक कलाओं को प्रोत्साहित करना है। महोत्सव के दौरान फाग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे होली के रंगों के साथ बसंती बहार का उल्लास और बढ़ेगा। समिति द्वारा कलाकारों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए सशक्त मंच उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि क्षेत्रीय कला और संस्कृति को नई पहचान मिल सके। समिति ने सभी कला प्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों से विनम्र अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर लोकगीतों, काव्य रस और बसंती उत्सव का आनंद लें तथा आयोजन को सफल बनाएं।

## एक नजर में

### जिला अस्पताल के दो कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त



**सीधी।** जिला अस्पताल सीधी के 2 कर्मचारी आज 28 फरवरी को 62 वर्ष की अपनी आयु पूर्ण करने पर शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। जिन्हे पूर्व सिविल सर्जन डॉ .एस .बी .खरे द्वारा माल्यार्पण के साथ शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। जो कर्मचारी सेवानिवृत हुए हैं उनमे रमाकांत मिश्रा बार्ड ब्वायज पद में थे जो 1982 मे नौकरी की शुरुआत किये, तकरीबन 44 वर्ष तक जिला अस्पताल में अपनी सेवा दिए। वहीं राजू भारती स्वीपर पद में थे जो 1985 में नौकरी की शुरुआत किये थे आज 28 फरवरी को तकरीबन 41 वर्ष की शासकीय सेवा देने के बाद आज जिला अस्पताल से सेवानिवृत हो गए। इस दौरान जिला अस्पताल के डॉक्टर और सेवानिवृत हुए कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे।

### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में चयनित हुए अखिलेश्वर

**सीधी।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ म .प्र . के सीधी ब्लाक अध्यक्ष सुखधाम सिंह चौहान के सुपुत्र अखिलेश्वर सिंह के ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2026 में चयन होने पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के साथ-साथ परिजनों, रिश्तेदारों एवं उनके गृहग्राम गाड़ा में खुशी का महौल है। जिसके बाद बधाई देने वाले इष्टमित्रों का तांता लगा हुआ है। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के सीधी ब्लाक अध्यक्ष सुखधाम सिंह ने सुपुत्र के इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया है। बताया गया कि शीघ्र ही संगठन द्वारा बालक की इस उपलब्धि के लिए आवास पर अखिलेश्वर को सम्मानित करके उत्साह वर्धन किया जाएगा। बधाई देने वालों में हरीश मिश्र जिलाध्यक्ष, विजय तिवारी प्रांतीय उपाध्यक्ष, शिवकरण सिंह बघेल प्रांतीय संगठन मंत्री, संतोष पाण्डेय प्रांतीय मीडिया प्रभारी, अरुण सिंह कार्यकारी जिलाध्यक्ष, डॉ .राकेश सिंह जिला उपाध्यक्ष, महेश प्रजापति जिला उपाध्यक्ष, संतोष प्रजापति जिला सचिव, सुखधाम सिंह ब्लाक अध्यक्ष सीधी, मंगलेश्वर बहेलिया, राजेश तिवारी, राजबहोर पनिका, रामनारायण बैस सहित हजारों शिक्षक शामिल रहें।



### किसान कल्याण वर्ष 2026 : मत्स्य क्षेत्र को करोड़ों का आवंटन

**सीधी।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने बताया कि कृषि कल्याण वर्ष 2026 के परिप्रेक्ष्य में मत्स्य पालन क्षेत्र को नई दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 2026-27 हेतु मध्य प्रदेश सरकार द्वारा रूपये 412 .89 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। इस निर्णय से प्रदेश में मत्स्योत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ मछुआरों के कल्याण को भी सशक्त आधार मिलेगा। आगामी दो वर्षों में मत्स्योत्पादन को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गुणवत्ता युक्त मत्स्य बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ऐसे तालाब, जिनमें 6 से 9 माह तक पानी उपलब्ध रहता है, वहां बोनसाई सीड उत्पादन को बढ़ावा देने का प्रस्ताव है। इससे स्थानीय स्तर पर मत्स्य बीज उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा और उत्पादन लागत में कमी आएगी। इसके अतिरिक्त पूर्व से संचालित योजनाओं, जैसे मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना तथा नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफार्म के अंतर्गत पंजीयन प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाया जाएगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से मत्स्य पालन से जुड़े सभी हितधारकों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त पोर्टल पर पंजीयन कराने से मछुआरों को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी समय पर प्राप्त होगी तथा ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा भी मिलेगी। यह पहल मत्स्य क्षेत्र में समावेशी एवं सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

# सीएमसीएलडीपी छात्रों को थाना व चिकित्सालय का कराया गया भ्रमण





नवभारत न्यूज

**सीधी 28 फरवरी। विकासखण्ड सीधी में सीधी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू विद्यार्थियों को जिला समन्वयक मुकेश गौर के निर्देशन पर विकासखण्ड सीधी अंतर्गत पुलिस थाना जमोड़ी एवं जिला चिकित्सालय का अध्ययन भ्रमण कराया गया।**

थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश त्रिपाठी द्वारा छात्रों को पुलिस की जिम्मेवारियों के बारे मे बताया गया और साइबर ठगी जैसे घटनाओं से सतर्क रहने की सलाह दी गई। श्री त्रिपाठी ने राहवीर योजना के प्रति छात्रों को जागरूक करते हुए बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही मौतों को रोकने और गोल्डन ऑवर में घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा राहवीर योजना प्रदेशभर में 21 अप्रैल 2025 से लागू कर दी गई है। योजना के अनुसार जो भी व्यक्ति तत्परता से घायलों को अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर पहुंचाता है उसे राहवीर की उपाधि दी जाएगी और 25 हजार रुपए की नगद प्रोत्साहन राशि के साथ प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को दुर्घटना के एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाना है जिसे गोल्डन ऑवर कहा जाता है। इस दौरान घायलों को समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल जाए तो उनकी जान बचाई जा सकती है। इसके साथ ही सीएमसीएलडीपी के छात्रों को स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी सुविधाओं, कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने जिला चिकित्सालय का भ्रमण कराया गया। इस दौरान पुलिस थाना जमोड़ी में पदस्थ पुलिस अधिकारी, परामर्शदाता अमित कुमार गौतम स्वतंत्र, अश्वनी पटेल, विनय तिवारी, अजीत वर्मा, पूजा पाण्डेय, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं की उपस्थिति रही।

### पद्मश्री डॉ .बीके जैन को ऋषिकेशन फाउंडेशन ने दी श्रद्धांजलि

**सीधी 28 फरवरी।** मानवता के सेवक और प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ.बी.के.जैन के निधन पर ऋषिकेश फाउंडेशन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। फाउंडेशन ने डॉ.जैन के अवसान को चिकित्सा और समाजसेवा के क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया है। ऋषिकेश फाउंडेशन और श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट के बीच गहरा सेवा संबंध रहा है। डॉ.जैन के मार्गदर्शन और ट्रस्ट के चिकित्सकों के तकनीकी सहयोग से फाउंडेशन निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने का कार्य कर रहा है। डॉ.जैन द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों के कारण ही फाउंडेशन अब तक सफलतापूर्वक 41 नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविरों का आयोजन कर चुका है। इन शिविरों के माध्यम से अब तक 4000 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की जा चुकी है और लगभग 700 जरूरतमंद मरीजों का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन संपन्न हुआ है।



# गर्मी प्रारंभ होते ही जिले में पेयजल संकट की आहट : ज्ञान सिंह

नवभारत न्यूज

**सीधी 28 फरवरी। गर्मी का मौसम प्रारंभ होते ही जिले में पेयजल संकट की आहट सुनाई देने लगी है। नल-जल योजना के अंतर्गत स्थापित पानी की टंकियां कई स्थानों पर मात्र शो-पीस बनकर रह गई हैं। जिन पंचायतों में टंकियों से जल आपूर्ति संभव है वहां भी रखरखाव के अभाव में व्यवस्थाएं ठप पड़ने की कगार पर हैं।**



ऐसी स्थिति में ग्रामीण क्षेत्रों की जनता पूरी तरह हैण्डपंपों पर निर्भर हो जाती है। लेकिन अनेक स्थानों पर हैण्डपंप आवश्यक सामग्री के अभाव में खराब पड़े हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में हैण्डपंप पाइप की उपलब्धता न होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बड़ी संख्या में नागरिक पेयजल के लिए हैण्डपंप पर निर्भर हैं। तापमान बढ़ने के साथ जलस्तर नीचे जाने और हैण्डपंपों के खराब होने की आशंका बढ़ जाती है। यदि समय रहते पाइप एवं अन्य आवश्यक मरम्मत सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई तो जिले में भीषण पेयजल संकट उत्पन्न हो सकता है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से पीएचई विभाग में पर्याप्त मात्रा में हैण्डपंप पाइप एवं मरम्मत सामग्री उपलब्ध कराई जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुचारु बनी रहे और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जनहित को ध्यान में रखते हुए इस विषय में शीघ्र ठोस कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है।

# ...जब जनपद पंचायत अध्यक्ष ने सीईओ को पहनाया भाजपा का पट्टा

## जपं रामपुर नैकिन की सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्ष ने सीईओ को भाजपा के पट्टा पहनाने का वायरल वीडियो को लेकर जपं प्रतिनिधियों ने सीईओ की कार्यप्रणाली पर खड़े किये सवाल



नवभारत न्यूज

**सीधी 28 फरवरी। जनपद पंचायत रामपुर नैकिन की सामान्य सभा की बैठक में जनपद अध्यक्ष द्वारा सीईओ को भाजपा का पट्टा पहनाने का वायरल वीडियो को लेकर जनपद प्रतिनिधियों ने सीईओ की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किये है। जपं अध्यक्ष ने सीईओ को भाजपा का पट्टा पहनाया और नाराजगी जाहिर की।**

दरअसल जिले के जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में आयोजित सामूहिक विवाह में अव्यवस्था से नाराज जनपद अध्यक्ष उर्मिला साकेत द्वारा विरोध जताते हुए जनपद सीईओ को सामान्य सभा की बैठक में भाजपा का पट्टा पहनाने का अनोखा मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक स्तर पर भी हड़कम्प की स्थिति है। रामपुर नैकिन जनपद पंचायत द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में अव्यवस्था और कार्यक्रम को एक राजनीतिक दल विशेष का स्वरूप दिए जाने को लेकर गंभीर आपत्ति जताई गई है। साथ ही जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों को अपेक्षित सम्मान न दिए जाने तथा जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के सीईओ राजीव तिवारी के व्यवहार को लेकर भी असंतोष व्यक्त किया गया।

जनपद अध्यक्ष उर्मिला साकेत ने जनपद सभागार में आयोजित सामान्य सभा की बैठक के दौरान विरोध दर्ज कराते हुए सीईओ को भाजपा का पट्टा पहनाकर प्रतीकात्मक रूप से कड़ा विरोध प्रकट किया। यह विरोध जताता है कि शासकीय कार्यक्रमों को राजनीतिक मंच में परिवर्तित करना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है तथा जनप्रतिनिधियों के सम्मान के साथ किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया.

### इनका कहना है

यह दुर्भाग्य की बात है कि पिछले तीन साल से जनपद पंचायत रामपुर नैकिन एक राजनीतिक दल के कुछ लोगों की गिरफ्त में है। जिस वजह से चुने गए जन प्रतिनिधियों, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का निरादर हो रहा है। जनपद का मुख्य कार्य जनता से जुड़े मुद्दों को सुलझाने और हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देना है लेकिन यहां के अधिकारी और कर्मचारी अलग कार्य कर रहे हैं। यह लोग एक व्यक्तिगत सोच से प्रभावित होकर हमारी एससी वर्ग की अध्यक्ष का अभी सामूहिक विवाह में निरादर हुआ और सदस्यों को प्रोटोकॉल के अनुसार सूचना तक नहीं दी गई। यदि ऐसी अव्यवस्थायें नहीं रूकी तो हम जनपद कार्यालय का घेराव करेंगे।

**ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत रामपुर नैकिन**

### इनका कहना है

जनपद की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में मेरा और सदस्यों का कोई सम्मान नही होता। इसी वजह से सामूहिक विवाह कार्यक्रम का बहिष्कार किया गया। कार्यक्रम स्थल में हमारे तरफ से लगाये गये बैनर भी हटा दिया गया। इस संबंध में सीईओ का कहना था कि मैंने नहीं हटवाया है। सीईओ हमारे और सदस्यों की बात नही सुनते। इसी वजह से उनको भाजपा का पट्टा मेरे द्वारा पहना कर सामान्य सभा की बैठक का बहिष्कार किया गया।

**उर्मिला साकेत, अध्यक्ष जनपद पंचायत रामपुर नैकिन**

### इनका कहना है

जनपद पंचायत की सामान्य सभा बैठक में सभी सदस्य उपस्थित थे। अभी 25 फरवरी को आयोजित सामूहिक विवाह के दौरान अध्यक्ष समेत सभी सदस्यों का अपमान किया गया। जनपद के कार्यक्रमों की सूचना सदस्यों को नहीं दी जाती। सीईओ का रवैया सत्ता पक्ष के नेताओं के कहने से चलती है। अभी सामूहिक विवाह के आयोजन के दौरान अध्यक्ष द्वारा जो बैनर, पोस्टर लगवाये गये थे जिसमें सभी 25 जनपद सदस्यों, अध्यक्ष, विधायक की फोटो लगी थी उसको निकलवा दिया गया। जिसके चलते अध्यक्ष ने कार्यक्रम का बहिष्कार किया। सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्ष ने इसी के चलते सीईओ को भाजपा का पट्टा पहनाकर बहिष्कार किया।

**ऋषिराज मिश्रा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रामपुर नैकिन**

### इनका कहना है

जनपद पंचायत रामपुर नैकिन की सामान्य सभा की बैठक में सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में इस बात को लेकर आक्रोश था कि गत 25 तारीख को आयोजित सामूहिक विवाह के दौरान भारी अव्यवस्था थी। इसको लेकर निंदा प्रस्ताव लाया गया लेकिन कार्रवाई में सीईओ ने इसको दर्ज नही किया और अध्यक्ष पर दबाव बनाकर हस्ताक्षर करा लिए। हम चाहते है कि इस मामले में कलेक्टर, कमिश्नर और राज्य सरकार तक निंदा प्रस्ताव को भेजा जाये।

**अरूण त्रिपाठी, सभापति निर्माण समिति, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन**

CMYK